B.A - I, History (Hon's) & Inter (+2) Students.

* प्राचीन भारतीय इतिहास के स्रोत में पुरातात्विक अवशेषों का विवेचन करें।

उत्तर- प्राचीन भारतीय इतिहास के अध्ययन में पुरातात्विक स्रोतों का महत्वपूर्ण
स्थान है। यह माध्यम अत्यन्त प्रमाणिक हैं तथा इसके माध्यम से
इतिहास के अनेक सम्यता एवं युगों की जानकारी प्राप्त होती है। इसके
अंतर्गत तीन साक्ष्य ~~महत्व~~ महत्वपूर्ण रूप से आते हैं:- अभिलेखीय,
~~मुद्रा~~ मुद्रा संबंधी एवम् स्मारक संबंधी। प्राचीन इतिहास के पुनर्निर्माण
में अभिलेखों का ऐतिहासिक महत्व साहित्यिक साक्ष्यों से अधिक
है। सबसे प्राचीन अभिलेख बोगजकोई से ऋग्वेद की तिथि ज्ञात
करने में सहायता मिलती है। अशोक के शिलालेख व स्तंभ लेखों से
उसके साम्राज्य की सीमा, उसके धर्म व शासन नीति पर महत्वपूर्ण
प्रकाश पड़ता है। अनेक प्रशस्तियाँ मिली हैं जिनसे संबंधित शासकों
के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। इनमें मुख्य है,
गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त का प्रयाग स्तंभ लेख, सातवाहन शासक गौतमीपुत्र
का नासिक गुहालेख, खारवेल का हाथीगुम्फा अभिलेख, शकक्षत्रप
रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख, यशोधर्मन का मंदसौर अभिलेख, पुल-
-केशिन द्वितीय का ऐहोल अभिलेख। प्रयाग प्रशस्ति में समुद्रगुप्त की
दिग्विजयों का वर्णन है। वहीं ऐहोल में हर्ष पुलकेशिन युद्ध का
विवरण है। पूर्व मध्यकाल के अनेक भूमि अनुदान पत्र मिलते हैं
जिनसे प्रशासन के सामन्ती स्वरूप की सूचना मिलती है। सिक्कों
से भी ऐतिहासिक सामग्री मिलती है। 200 ई० पू० से 300 ई० तक के
भारतीय इतिहास का ज्ञान हमें मुख्यतः मुद्राओं की सहायता से होता
है। मुद्राओं से तत्कालीन आर्थिक दशा का तथा संबंधित राजाओं
की साम्राज्य सीमा का भी ज्ञान होता है। सिक्कों की बहुलता
व्यापार - वाणिज्य के विकास का कमी ~~अवनती~~ अवनति का सूचक है।

कुछ मुद्राओं से सम्राटों के धर्म व उनके व्यक्तिगत गुणों का पता लगता है जैसे कनिष्क व समुद्रगुप्त की मुद्राओं से भारत के इण्डो-बैक्ट्रिया शासकों के बारे में हमें जानकारी मिलती है।

प्राचीन इमारतों, मंदिरों व मूर्तियों से विभिन्न युगों की सामाजिक, धार्मिक व आर्थिक परिस्थितियों का बोध होता है। मंदिर, विहारों तथा स्तूपों से जनता की आध्यात्मिकता व धर्मनिष्ठा का पता चलता है। विभिन्न स्थानों से प्राप्त सामग्रियों से प्राचीन इतिहास के विभिन्न पहलुओं पर सुन्दर प्रकाश पड़ता है।

Scanned with CamScanner